खास खबरें

वार्नर पर लगा 12 लाख का जुर्माना

हैदराबाद (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवर गति बरकरार रखने के लिये जुर्माना लगाया गया है। बीसीसीआई ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह वॉर्नर की टीम के लिये सीजन का पहला अपराध था इसलिए उनपर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल का उद्देश्य मैचों को तीन घंटे और 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति एक मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण अधिकतर मैच चार घंटे से भी अधिक समय तक खिंच रहे हैं।

मेरा यह सपना था कि मैं दिल्ली को अखिरी ओवर में एक मैच जिताऊं : मुकेश

हैदराबाद (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स की सोमवार को सनराइज़र्स हैदराबाद पर एक रोमाचंक लो-स्कोरिंग मुकाबले में सात रनों की जीत के बाद तेज़ गेंदबाज़ मुकेश कुमार ने बताया कि वह हमेशा दिल्ली को आख़िरी ओवर में मैच जिताने के बारे में सपना देखते थे। हैदराबाद को आख़िरी ओवर में 13 रनों की ज़रूरत थी लेकिन मुकेश ने उस ओवर में शानदार गेंदबाज़ी करते हुए सिर्फ़ पांच रन दिए। मुकेश को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर दिल्ली की टीम में शामिल किया गया था। इस फ़ैसले को सही साबित करते हुए मुकेश ने कमाल की गेंदबाज़ी की और टीम को जीत दिला दी।

पिंडली की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटी ओंस जाबूर

मैड्रिड (एजेंसी)। गत चैम्पियन ओंस जाबूर बायीं पिंडली में चोट के कारण मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई है जिससे उनकी फ्रेंच ओपन की तैयारियों को करारा झटका लगा है। ट्यूनीशिया की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में चल रहे क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में तब मैच से हटने का फैसला किया जब वह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक के खिलाफ पहलेसेट में 0-3 से पीछे चल रही थी। जाबूर ने इसके बाद ट्विटर पर पोस्ट किया कि उनकी पिंडली चोटिल हो गई है और उन्हें कई तरह की जांच करानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, मुझे इस चोट से उबरने के लिए समय चाहिए।

गुजरात की पाचवीं जीत, मुबंई को एकतरफा मैच में 55 रन से हराया

अहमदाबाद (एजेंसी)।

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की अर्धशतकीय पारी के बाद अभिनव मनोहर और डेविड मिलर के बीच 35 गेंद में 71 रन की साझेदारी के दम पर आईपीएल के 35वें मुकाबले में मंगलवार रात गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियन्स को 55 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही गुजरात इस सीजन 10 अंक हासिल करने वाली दूसरी टीम बन गई है।पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने 207 रन बनाए थे। जीत के लिए मुंबई को 208 रनों की दरकार थी। लेकिन मुंबई की टीम 9 विकेट पर 152 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस की गेंदबाजी शानदार रही। शुरुआत से ही मुंबई के बल्लेबाज दबाव में दिखे। 4 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिरा जब रोहित शर्मा हार्दिक पांड्या के शिकार बने। इसके बाद से मुंबई के विकेट लगातार गिरते रहे। मुंबई की ओर से कैमरन ग्रीन ने 26 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। वहीं सूर्यकुमार यादव ने 12 गेंदों में 23 रन बनाए। इसके अलावा 21 गेंदों में निहाल वधेरा ने 40 रनों की पारी खेली। पीयूष चावला 12 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद शमी ने 4 ओवर में सिर्फ 18 रन दिए। वही नूर अहमद ने 4 ओवर में 37 रन देकर 3 सफलता हासिल की। राशिद खान को भी दो सफलता मिली । सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की अर्धशतकीय पारी के बाद अभिनव मनोहर और डेविड मिलर के बीच 35 गेंद में 71 रन की साझेदारी के सहारे गुजरात टाइटंस ने मैच में छह विकेट पर 207 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। गिल ने 34 गेंद में सात चौकों और एक छक्के से 56 रन बनाए। मनोहर ने 21 गेंद में 42 रन की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए जबकि मिलर ने 22 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 46 रन बनाये। आखिरी ओवरों में राहुल तेवतिया ने पांच गेंद में तीन छक्के की मदद से नाबाद 20 रन का योगदान दिया। मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी चार ओवर में 70 रन लुटाये। टीम के लिए पीयूष चावला (चार ओवर में दो विकेट पर 34 रन) सफल गेंदबाज रहे। अर्जुन तेंदुलकर (दो ओवर में नौ रन), जेसन बेहरनडोर्फ (चार ओवर में 37 रन), कुमार कार्तिकेय (चार ओवर में 39 रन) और राइली मेरेडिथ (चार ओवर में 49 रन) को एक-एक सफलता मिली। कैमरून ग्रीन ने दो ओवर में 39 रन लुटा दिये। पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद तेंदुलकर और बेहरनडोर्फ ने शुरुआती चार ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की। तेंदुलकर ने तीसरे ओवर में विकेटकीपर इशान किशन के हाथों रिद्धिमान साहा (सात गेंद में चार रन) को कैच कराया।

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस: साहा कै. किशन बो. अर्जुन 4, गिल कै. सूर्यकुमार बो. कार्तिकेय 56, हार्दिक कै. सूर्यकुमार बो. चावला 13, शंकर कै. डेविड बो. चावला 19,मिलर कै. सूर्यकुमार बो. बेहरनडॉर्फ़ 46, मनोहर कै. बेहरनडॉर्फ़ बो. मेरेडिथ 42, तेवतिया (नाबाद) 20, राशिद (नाबाद) 2,**अतिरिक्त** 5, **कुल** (20 ओवर में) 6 विकेट पर 207 रन । **विकेट पतन:** 1-12, 2-50,3-91,4-101, 5-172, 6-205 । **गेंदबाज़ी:** तेंदुलकर 2-0-9-1, बेहरनडॉर्फ़ 4-0-37-1, मेरेडिथ 4-0-39-1, ग्रीन 2-0-39-0, चावला 4-0-34-2, कार्तिकेय 4-0-39-1 ।

मुंबई इंडियंस: रोहित कै.एंड बो. हार्दिक 2, किशन कै. लिटिल बो. राशिद 13, ग्रीन बो. नूर 33, तिलक पगबाधा राशिद 2, सूर्यकुमार कै. एंड बो. नूर 23, डेविड कै. मनोहर बो. नूर 0, वढेरा कै. शमी बो. मोहित 40, चावला रन आउट 18, तेंदुलकर कै. लिटिल बो. मोहित 13, बेहरनडॉर्फ़ (नाबाद) 3, मेरेडिथ (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 5, **कुल** (20 ओवर में) 9 विकेट पर 152रन । **विकेट पतन:** 1-4, 2-43, 3-45, 4-59, 5-59, 6-90,7-135, 8-138, 9-152 । **गेंदबाजी:** शमी 4-0-18-0, हार्दिक 2-0-10-1, राशिद 4-0-27-2, नूर 4-0-37-3, मोहित 4-0-38-2, लिटिल 2-0-18-0 ।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए रहाणे की टीम में वापसी

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सात जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय स्क्वाड में अजिंक्य रहाणे का नाम शामिल किया है। रहाणे ने भारत के लिये आखिरी टेस्ट 11 जून 2022 को दक्षिण अफ्रीका में खेला था, जहां उन्होंने क्रमश: नौ और एक रन बनाया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में रहाणे शानदार फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2023 में अब तक पांच मैच खेलकर 199.04 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाये हैं, जिसके कारण उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये चुनने पर विचार किया गया। उल्लेखनीय है कि रहाणे के टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रेयस अय्यर को उनकी जगह दी थी, लेकिन अय्यर कमर की सर्जरी करवाने के कारण करीब छह माह के लिये क्रिकेट से दूर हो गये हैं। भारतीय सरज़मीन पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 से पहले अय्यर का वापसी करना मुश्किल है। अय्यर की तरह शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी स्क्वाड में जगह नहीं बना पाये हैं। बुमराह ने हाल ही में न्यूजीलैंड में अपनी कमर की सर्जरी करवाई थी और वह फिलहाल बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद शमी भारतीय तेज गेंदबाजी की अगुवाई करेंगे। मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनाडकट को भी बतौर तेज गेंदबाज स्क्वाड में जगह दी गयी है। शार्दुल ठाकुर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये भारत के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल स्पिन ऑलराउंडर हैं। होनहार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का चोटग्रस्त होना भारत के लिये एक और बड़ी चिंता है। भारत के लिये इस डब्ल्यूटीसी चक्र में सर्वश्रेष्ठ औसत रखने वाले पंत दिसंबर 2022 में हुई सड़क दुर्घटना के बाद पूरी तरह फिट नहीं हो सके, जिसने उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर रखा है। चयनकर्ताओं ने केएस भरत को बतौर विकेटकीपर स्क्वाड में जगह दी है, हालांकि उनकी अनुभवहीनता के कारण खिताबी मुकाबले में केएल राहुल विकेटकीपर की भूमिका निभाते नज़र आ सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल सात से 11 जून के बीच लंदन के ओवल मैदान पर खेला जायेगा। भारत दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेल रहा है, जबकि 2021 में उसे खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों शिकस्त मिली थी।

डब्ल्यूटीसी की भारतीय टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

बैंगलोर के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने उतरेगा कोलकाता



बेंगलुरु (एजेंसी)। लगातार चार मैचों में हार से आहत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने का प्रयास करेगा। दो बार के चैंपियन केकेआर ने अभी तक सात मैचों में से केवल दो में जीत दर्ज की है और वह सातवें स्थान पर काबिज है। इससे उसकी आगे की राह काफी कठिन हो गई है। केकेआर को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उसे नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी भी खल रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को खेले गए पिछले मैच में केकेआर के बल्लेबाजों को बड़े लक्ष्य के सामने अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर, कप्तान नितीश राणा और एन जगदीशन ने दबाव में अपने विकेट गंवाए। केकेआर अभी तक अदद सलामी जोड़ी नहीं तलाश पाया है। उसने अभी तक सुनील नारायण, जगदीशन, लिटन दास, जेसन रॉय और रहमानुल्लाह गुरबाज को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है। पिछले मैच में जेसन रॉय और रिंकू सिंह ने अर्धशतक जमाए लेकिन इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। आंद्रे रसेल भी फिनिशर की अपनी भूमिका में खरे नहीं उतर पाए। केकेआर के लिए उनकी फिटनेस भी चिंता का विषय है क्योंकि इस सत्र में वह अभी तक एक बार भी अपने कोटे के चारों ओवर नहीं कर पाए हैं। केकेआर ने इस सत्र के शुरू में आरसीबी को 81 रन से हराया था और वह उस मैच से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा। आरसीबी का हालांकि पिछले मैच में राजस्थान रॉयल पर सात रन की जीत से मनोबल बढ़ा होगा और वह अपना विजय अभियान जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

चैपमैन के शतक से न्यूजीलैंड ने पाक को हराकर सीरीज 2-2 से बराबर की

रावलपिंडी (एजेंसी)।

मार्क चैपमैन के करियर के पहले शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 के बराबर की। न्यूजीलैंड के सामने 194 रन का लक्ष्य था लेकिन 10वें ओवर तक उसका स्कोर चार विकेट पर 73 रन था। चैपमैन ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली।

उन्होंने 57 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए तथा जेम्स नीशम (25 गेंदों पर नाबाद 45) के साथ पांचवें विकेट के लिए 9 ओवर में 121 रन की अटूट साझेदारी की। इससे न्यूजीलैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर पांच विकेट पर 193 रन बनाए थे। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 62 गेंदों पर नाबाद 98 रन बनाए जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज के अलावा इफ्तिखार अहमद ने 36 और इमाद वसीम ने 31 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भारत में इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं। उसने पाकिस्तान के खिलाफ खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया। न्यूजीलैंड की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 100वीं जीत है। दोनों टीमों के बीच अब पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी जिसका पहला मैच गुरुवार को रावलपिंडी में होगा।

5वें विकेट के लिए हुई सबसे रिकॉर्ड साझेदारी: इस मैच में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना है। दरअसल, न्यूजीलैंड की तरफ से टी-20 क्रिकेट में 5वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। यह कारनामा किया है मार्क चैपमैन और जिमी निशम की जोड़ी ने, जिन्होंने 121 रनों की साझेदारी की और इतिहास रच दिया। दोनों ने मैच में पांचवे विकेट के लिए 121 रनों की साझेदारी की। ये टी20 क्रिकेट में पांचवे विकेट के लिए हुई अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। इसी के साथ मिस्बाह-उल-हक और शोएब मलिक की साझेदारी का रिकॉर्ड टूटा, जिन्होंने पहले 119 रनों की साझेदारी की थी। वहीं पांचवे नंबर के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप के मामले में नंबर 3 पर आयरलैंड के कैंमपर और डॉकरेल की जोड़ी है, जिन्होंने 119 रन बनाए थे। वहीं विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की जोड़ी चौथे नंबर पर है, जिसने 113 रन जोड़े थे।

ऑर्डर की हुई कॉफ़ी को मैं हाथ भी नहीं लगा पाया और मेरी बल्लेबाजी आ गई :अक्षर

हैदराबाद (एजेंसी)। सनराइज़र्स हैदराबाद के सोमवार को बीच हुए मैच में आठवें ओवर तक दिल्ली के सिर्फ़ दो विकेट गिरे थे। इस बीच अक्षर पटेल आराम से डगआउट में बैठ कर एक कॉफ़ी पीने की सोच रहे थे। हालांकि वॉशिंगटन सुंदर ने एक ही ओवर में तीन बल्लेबाज़ों को आउट कर दिया, जिसके बाद ऑर्डर किए गए कॉफ़ी को अक्षर हाथ भी नहीं लगा पाए और उन्हें जल्दी से बल्लेबाज़ी करने के लिए आना पड़ा। अक्षर ने सोमवार को लगभग 10 ओवर तक मनीष पांडे के साथ बल्लेबाज़ी की और 34 गेंदों में 34 रन बनाए। लगातार विकेटों के पतन के बीच उन्होंने मनीष के साथ छठे विकेट लिए महत्वपूर्ण 69 रनों की साझेदारी की। इसी साझेदारी के कारण दिल्ली की टीम 144 का स्कोर बना सकी, जो आख़िरकार दिल्ली की जीत के लिए काफ़ी साबित हुआ।

स्टर्लिंग और कैंफर के धमाकेदार शतक श्रीलंकाई जमीन पर आयरलैंड का रिकॉर्ड स्कोर

गॉल (एजेंसी)। पॉल स्टर्लिंग (103) और कर्टिस कैंफर (111) की पहली शतकीय पारियों से आयरलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में रिकॉर्ड 492 रन बनाये। खराब रोशनी और बारिश के कारण दिन का खेल लगभग आधे घंटे पहले खत्म हुआ। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 81 रन बनाकर मजबूत शुरूआत की। स्टंप्स के समय निशान मधुशंका 41 और कप्तान दिमुथ करुणारत्ने 39 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। बल्लेबाजी के लिए माकूल परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए आयरलैंड के बल्लेबाजों को श्रीलंका के गेंदबाजों के खिलाफ कोई खास परेशानी नहीं हुई। टेस्ट क्रिकेट की पारी में यह टीम का सर्वोच्च स्कोर है। आयरलैंड ने इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ डबलिन में 2018 में दूसरी पारी में 339 रन बनाये थे। स्टर्लिंग और कैंफर को विकेटकीपर लोर्कन टकर का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 106 गेंद की पारी में 80 रन का योगदान दिया। आयरलैंड ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 319 रन से की। कैंफर और टकर ने पांचवें विकेट के लिए 99 रन जोड़े। इस साझेदारी को विश्वा फर्नांडो ने तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आये स्टर्लिंग ने अपनी पारी 74 रन के आगे से शुरू की। वह सोमवार को इसी स्कोर पर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे। स्टर्लिंग दिन के पहले सत्र में विश्व फर्नांडो पर छक्के के साथ अपना शतक पूरा करने के बाद इसी गेंदबाज का शिकार बने। उन्होंने 181 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और चार छक्के लगाये।

पश्चिम मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना दिनांक: 25.04.2023

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम,/पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करे।

S.N. 1: NIT No.: 23-24- C-02-07, **Date:** 19.04.23, **Name of work including Location** गुलाबगंज, सांची तथा निशातपुरा स्टेशन पर आरजीएम साईडिंग का विकास का कार्य, **Published cost of tender (Rs):** ₹ 15160724, **Earnest Money:** ₹ 225800, **Completion period:** 09 माह, **Last date for submitting tender:** 12.05.23

S.N. 2: NIT No.: 23-24- C-03-08, **Date:** 19.04.23, **Name of work including Location** बीना-भोपाल सेक्शन-ए) किमी 925/5-7 पर स्थित ब्रिज नंबर 925/1 मिड के वर्तमान गार्डर के आरसीसी ट्वीन बॉक्स से प्रस्तावित रिप्लेसमेंट (टोटल 2 स्पैन 1/12.20m) बी) किमी 906/13-15 पर स्थित ब्रिज नंबर 906/1 मिहल लाईन तथा किमी 928/9-11 पर स्थित ब्रिज नंबर 928/1 मिहल लाईन के वर्तमान गार्डर के आरसीसी ट्वीन बॉक्स से प्रस्तावित रिप्लेसमेंट (टोटल 2 स्पैन 1/12.20m) सी) किमी 930/5-7 पर स्थित ब्रिज नंबर 930/1 मिड तथा हाउन के वर्तमान गार्डर के आरसीसी ट्वीन बॉक्स से प्रस्तावित रिप्लेसमेंट का कार्य। (टोटल 2 स्पैन 1/12.20m) , **Published cost of tender (Rs):** ₹ 35326686, **Earnest Money:** ₹ 326600, **Completion period:** 12 माह, **Last date for submitting tender:** 12.05.23

S.N. 3: NIT No.: 23-24-W-125, **Date:** 22.04.23, **Name of work including Location** सहायक मंडल अभियंता/शाजापुर के अधीन कुभराज स्टेशन पर अन्य सुविधाओं के साथ अतिरिक्त हाय लेवल प्लेटफार्म का प्रावधान।, **Published cost of tender (Rs):** ₹ 20869678, **Earnest Money:** ₹ 254400, **Completion period:** 12 माह, **Last date for submitting tender:** 15.05.23

S.N. 4: NIT No.: 23-24-W-126, **Date:** 22.04.23, **Name of work including Location** शिवपुरी स्टेशन पर रिटायरिंग रूम फेंसिलीटी का प्रावधान।, **Published cost of tender (Rs):** ₹ 2964920, **Earnest Money:** ₹ 59300, **Completion period:** 4 माह, **Last date for submitting tender:** 15.05.23

S.N. 5: NIT No.: 23-24-S-03-10, **Date:** 22.04.23, **Name of work including Location** ए) इलेक्ट्रिकल लोकोमोटिव के रखरखाव हेतु इलेक्ट्रिकल कार्य के साथ डीएलएस इटारसी का उन्नयन। बी) ईएलएस इटारसी में इलेक्ट्रिकल लोकोमोटिव रखरखाव तथा उत्पादन फॉसिलीटी का उन्नयन। सी) पैसेंजर यार्ड में पुराना इटारसी से आईओसी तक रोड के दोनो तरफ ड्रेन के प्रावधान के साथ विस्तार तथा रोड के रेजिंग का कार्य।, **Published cost of tender (Rs):** ₹ 50681366, **Earnest Money:** ₹ 403400, **Completion period:** 18 माह, **Last date for submitting tender:** 15.05.23

S.N. 6: NIT No.: 23-24-C-05-10, **Date:** 22.04.23, **Name of work including Location** भोपाल मंडल-अमृत भारत स्कीम के अंतर्गत एफओबी के प्रस्तावित निर्माण कार्य। ए) वरि. मंडल अभियंता/दक्षिण/भोपाल के अधीन बानापुरा तथा इटारसी स्टेशन पर 12 एम चौड़ा एफओबी का प्रावधान तथा हरदा स्टेशन पर 6 एम चौड़ा एफओबी का प्रावधान। बी) वरि. मंडल अभियंता/मध्य/भोपाल के अधीन संत हिरदाराम नगर, विदिशा, तथा गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर 12 एम चौड़ा फुट ओवर ब्रिज का प्रस्तावित निर्माण तथा नर्मदापुरम स्टेशन पर निर्माणाधीन एफओबी के पास अतिरिक्त 6 एम चौड़ा एफओबी का प्रावधान। सी) वरि. मंडल अभियंता/उत्तर/भोपाल के अधीन गुना तथा रूठियाई रेलवे स्टेशन 12 एम चौड़ा एफओबी का प्रावधान। डी) मंडल अभियंता/पश्चिम/भोपाल के अधीन शिवपुरी तथा ब्यावरा राजगढ़ स्टेशन पर 12 एम चौड़ा एफओबी का प्रावधान, **Published cost of tender (Rs):** ₹ 1090807403, **Earnest Money:** ₹ 5604000, **Completion period:** 18 माह, **Last date for submitting tender:** 15.05.23

S.N. 7: NIT No.: 23-24-S-04-11, **Date:** 24.04.23, **Name of work including Location** ए) बानापुरा-1) दिव्यांगजनों के लिये सुविधाओं के सुधार का कार्य (पाथवे, रैम्प, पार्किंग, बुकिंग विंडो, दिव्यांग फ्रेंडली प्लेटफॉर्म सरफेस)। 2) सरक्युलेटिंग एरिया का विकास तथा फसाड सुधार का कार्य। बी) खिरकीया 1) दिव्यांगजनों के लिये सुविधाओं के सुधार का कार्य (पाथवे, रैम्प, पार्किंग, बुकिंग विंडो, दिव्यांग फ्रेंडली प्लेटफॉर्म सरफेस)। 2) सरक्युलेटिंग एरिया का विकास तथा फसाड सुधार का कार्य। सी) हरदा स्टेशन पर दिव्यांग फ्रेंडली सुविधाओं का विस्तार।, **Published cost of tender (Rs):** ₹ 46548520, **Earnest Money:** ₹ 382800, **Completion period:** 12 माह, **Last date for submitting tender:** 09.05.23

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)/पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।

In the Court of XXI Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court Bhopal
Presiding Officer: **जयंत शर्मा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000929/2021)
नर्बदी बाई पटेल..... वादी V/S
कमेश यादव ..... प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दिनांक : 13/06/2023

प्रेषिती: (1) विकाश पटेल पिता श्री बलीराम पटेल पता- ग्राम महलवाडा थाना पिपरिया जिला होशंगाबाद म.प्र.।

यह कि प्रार्थी नर्बदी बाईने आपके विरुद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों को उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें। जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 अप्रैल 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

जयंत शर्मा, सदस्य
इक्कीसवें मो. दु.दावा अधिकरण भोपाल (म.प्र.)
1243

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 अयोध्या नगर भोपाल

आम सूचना

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाऊसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में भूखण्ड क्र. एम. 367 मण्डल द्वारा श्री ओमप्रकाश सांकले आत्मज श्री माधव प्रसाद सांकले के नाम आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29.10.1994 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री ओमप्रकाश सांकले द्वारा श्री किशनचन्द त्यागी आत्मज स्व. अतर सिंह त्यागी को मुख्तारआम उप पंजीयक कार्यालय भोपाल दिनांक 06.11.1995 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री किशनचन्द त्यागी मुख्तारनामा की हैसियत से भूखण्ड का विक्रय विलेख दिनांक 19.9.2002 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्रीमती राजबाला त्यागी पत्नी श्री के.सी. त्यागी को विक्रय कर दिया गया। परंतु श्रीमती राजबाला त्यागी द्वारा मण्डल से हस्तांतरण की कार्यवाही नहीं कराई गई है। श्रीमती राजबाला त्यागी पत्नी श्री के.सी. त्यागी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया है कि मूल आवंटी श्री ओमप्रकाश सांकले आत्मज श्री माधव प्रसाद सांकले का कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है एवं श्री किशन चन्द त्यागी आत्मज स्व. श्री अतर सिंह त्यागी मुख्तारनामा की मृत्यु हो चुकी है। श्रीमती राजबाला त्यागी द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ पत्र, मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति अपने स्वयं के नाम पर हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्रीमती राजबाला त्यागी पत्नी श्री के.सी. त्यागी के नाम हस्तांतरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल
1244

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालो